(f) whether Air India plans to buy new aircrafts; if so, in what manner they propose to finance the purchase?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION (SHRI C.M. IBRAHIM): (a) and (b) Air India has incurred a loss of Rs. 244 crores during 1995-96 and Rs. 93.80 crores during first two months of the current financial year, due to increase in expenditure on account of interest and depreciation on new aircraft, reduction in yield due to increased competition, landing, handling and navigational charges, agitation by engineers, etc.

(c) to (e) The Consultative Committee of Parliament attached to the Ministry has been kept informed of the financial performance of the airline and the reasons for the adverse trend.

Air India is taking steps to improve the image of its product, on-time performance and to augment its capacity.

(f) Air India has signed an agreement with the Boeing Airplane company in January, 1995 for acquisition of two B-747-400 aircraft to be delivered in October/November 1996. These aircraft are being financed through external commercial borrowings.

राष्ट्रीयकृत बैंकों की अनुपयोगी संपत्तियों में वृद्धि

910. **श्री राम जेठमलानी:** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि विगत वर्षों में राष्ट्रीयकृत बैंकों की अनुपयोगी संपत्तियों में निरंतर वृद्धि हुई है;

(ख) यदि नहीं, तो विगत तीन वर्षों के दौरान अनुपयोगी संपत्तियों में से ऋण के रूप में दी गई धनराशि दिए गए कुल ऋण का कितना प्रतिशत थी;

(ग) ऐसे बैंक कौन-कौन से हैं जिनकी अनुपयोगी संपत्तियां ऊपर उल्लिखित वर्षों के दौरान न्यूनतम और अधिकतम थीं; और

(घ) क्या सरकार ने अनुपयोगी संपत्तियों के निर्धारण के लिए कोई दिशा-निर्देश जारी किए हैं; यदि हां, तो वे दिशा-निर्देश क्या हैं?

वित्त मंत्री तथा कम्पनी कार्य मंत्री (श्री पी॰ चिदम्बरम): (क) से (ग) भारतीय रिजर्व बैंक ने सूचित किया है कि राष्ट्रीयकृत बैंकों का अनिष्पादित अग्रिम जो मार्च 1994 के अन्त की स्थिति के अनुसार कुल 25265.00 करोड़ रु॰ था और कुल अग्रिमों का 25.15 प्रतिशत था, मार्च 1995 के अन्त की स्थिति के अनुसार घटकर 25114.50 करोड़ रह गया जो कुल अग्रिमों का 19.98 प्रतिशत था। मार्च, 96 के अन्त की स्थिति के अनुसार राष्ट्रीयकृत बैंकों के अनिष्पादित अग्रिमों की अंतिम स्थिति अब तक स्पष्ट नहीं हुई है। उपर्युक्त अवधि के दौरान जिन बैंकों का अनिष्पादित अग्रिम अधिकतम और न्यूनतम था, उनके नाम नीचे दिए गए हैं:—

वर्ष	अधिकतम अनिष्पादित अग्रिम	न्यूनतम अनिष्पादित अग्रिम
1993-94	इंडियन ओवरसीज बैंक (कुल अग्रिम का 37.75 प्रतिशत)	ओरियन्टल बैंक आफ कॉमर्स (कुल अग्रिम का 8 प्रतिशत)
1994-95	यूनाइटेड बैंक आफ इंडिया (कुल अग्रिम का 36.9 प्रतिशत)	ओरियन्टल बैंक आफ कॉमर्स (कुल अग्रिम का 6.14 प्रतिशत)

(घ) आर बी आई ने सूचित किया है कि वर्ष 1992 में आय की पहचान, आस्ति वर्गीकरण और प्रावधान करने संबंधी अपेक्षाओं के बारे में इसके द्वारा लागू किए गए विवेकपूर्ण मानदंडों से ऋण जोखिम के प्रति बैंकों में बेहतर जागरूकता पैदा हुई है और बैंकों ने अपने अनिष्पादित अग्रिमों को न्यूनतम रखने के प्रयास किए हैं।